(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**प्रधान मंत्री वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी :** (क) चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप और महत्वपूर्ण नीति तथा उसके उत्पन्न अन्य मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए योजना आयोग ने एक और 2 अगस्त, 1969 को कुछ विख्यात अर्थ-शास्त्रियों के साथ विचार-विमर्श किया ।

(ख) बैठक में चार अध्ययन दलों के गठन के बारे में सुझाव दिया गया । ये दल उन समस्याओं का निर्धारण करेंगे जिन पर विश्वविद्यालय तथा अनुसंधान संस्थानों को सघन अन्वेषण करना चाहिए ।

(ग) तदनुसार निम्नप्रकार से चार अध्ययन दलों का गठन किया गया है :—

(1) नियोजन प्रणाली ।

(2) रोज़गार, क्षेत्रीय असमानताएं, निर्बल वर्गों की समस्याएं, भूमि सुधार और आर्थिक नियंत्रण ;

(3) बचत, संसाधन जुटाना, विनियोजन और मूल्य नीति ;

(4) सरकारी उद्यमा

अध्ययन दलों की शीघ्र बैठक होगी ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

### Export of Aluminia Aluminium Ingots and Aluminium Fabrications

2423. SHRI R, K. BIRLA : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) the subsidies, cash assistance or any other expert incentives given by Government in export of Aluminia aluminium ingots and aluminium fabrications ;

(b) if not, the reasons for which the Government is not encouraging exports by giving incentives in one way or the other as has been done for other industrial products ; and

(c) the names of companies who have exports aluminium ingots, aluminium structures and alumina during the last two years, country-wise and the value of foreign exchange earned by such exports ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI CHOWDHARY RAM SEVAK) : (a) Cash assistance is allowed at the rate of 10% of f.o.b value on exports of aluminium fabrications. No cash assistance is allowed on alumina and aluminium ingots.

(b) A number of Indian Industrial Products face a range of difficulties in penetrating overseas markets. These difficulties stem from the stage of industrial production, its efficiency, cost of certain raw materials and intermediate products. To put our exporters in a position to overcome their difficulties Government provides assistance to build up their marketing competence and competitive export production. Aluminium Ingots and alumina do not require any support of the nature suggested, for export purposes.

(c) A statement showing the country wise export of aluminium ingots, aluminium structurals and alumina during the last two years is laid on the Table of the House. [*Placed in Library See* No. LT—2202/69].

### Under and over-invoicing of Exports and Imports by M/s. Raunaq and Co., Delhi

2424. SHRI ABDUL GHANI DAR : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether Government have received any complaint against M/s. Raunaq and Co., Delhi for under-and over-invoicing of exports during the last three years;

(b) if so, whether any inquiry was made and if so, the result thereof ; and

(c) the action taken, if any ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI CHOWDHARY RAM SEWAK) : (a) to (c). No complaint against M/s. Raunaq and Co., Delhi for under and over-invoicing of exports und imports has been received during the last three years.

**पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय द्वारा माल का आयात**

2425. **श्री रामावतार शास्त्री : क्या पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय विभिन्न सरकारी विभागों की मांग पूरी करने के लिये विदेशों में माल का आयात करता है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रतिवर्ष किये गये आयात का ब्यौरा क्या है और उस पर प्रतिवर्ष कितना धन व्यय हुआ ;

(ग) जिन देशों में आयात किया गया उनका प्रतिवर्ष का ब्यौरा क्या है और उनको राशि का भुगतान किया गया है ;

(घ) क्या समाजवादी में माल का आयात करने के लिये सरकार ने कोई योजना बनाई है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**पूर्ति मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री र० के० खडिलकर)** (क) जी, हां ।

(ख) सभा-पटल पर एक विवरण (1) रख दिया गया है । [**ग्रन्थालय में रख दिया गया । देखिये** संख्या LT—2203/69]

(ग) सभा पटल पर एक विवरण (2) रख दिया गया है । [**ग्रन्थालय में रख दिया गया । देखिये संख्या** LT—2203/69]

(घ) और (ङ) सरकार प्रत्येक वर्ष विविध प्रकार के माल के आयात के लिए रुपये-खाते के अन्तर्गत निम्नलिखित समाजवादी देशों के साथ व्यापार सम्बन्धी करार करती है :—

रूस, जर्मन लोकतंत्रात्मक गणतंत्र, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, बलगारिया, रुमानिया, यूगोस्लाविया, हंगरी, कोरिया लोक तंत्रात्मक गणतंत्र (उत्तरी कोरिया) ।

व्यापार सम्बन्धी योजनाओं के अन्तर्गत राज्य व्यापार निगम, खनिज तथा धातु-व्यापार निगम, वास्तविक उपभोक्ताओं, सरकारी विभागों और सरकारी क्षेत्र के निगमों को लाइसेंस इस शर्त पर दिये जाते हैं कि अदायगी अपरिवर्तनीय भारतीय रुपये में ही की जाएगी । पूर्ति और निपटान महानिदेशालय से किए गए ठेकों के सम्बन्ध में भी मांग कर्ता-विभागों द्वारा दी गई विशेष विदेशी मुद्रा के आधार पर उपरोक्त रुपया-अदायगी-देशों से आयात के लिए लाइसेंस दिए जाते हैं ।

**लोहे का निर्यात**

2426. **श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या वैदेशिक व्यापार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लोहे के निर्यात के सम्बन्ध में 15 साल की अवधि के लिये एक करार करने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ अब तक ऐसे करार किये गये हैं तथा प्रत्येक देश के साथ ये करार कितनी-कितनी अवधि के लिये किये गये हैं ?

**वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री चौधरी राम सेवक** : (क) और (ख). सम्भवतः सदस्य महोदय का आशय लौह-अयस्क के निर्यात से है, न कि लोहे तथा इस्पात के निर्यात से । खनिज तथा धातु व्यापार निगम ने जापानी